दिन– गुरूवार दिनांक– 28 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराहृन 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

विधानसभा में बिजली के स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आज जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष के सदस्य इस मुद्दे को लेकर सदन में कार्यस्थगन प्रस्ताव लेकर आए थे। प्रश्नकाल के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने इसे अस्वीकृत कर दिया, जिसे लेकर विपक्षी दल राजद और महागठबंधन की अन्य पार्टियां के सदस्य सदन के बीचो–बीच आ गये। इसी दौरान राष्ट्रीय जनता दल के भाई विरेन्द्र और कुछ अन्य सदस्य सत्तापक्ष की कुर्सियों पर बैठ गए। इससे नाराज विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। हंगामे और शोरगुल के बीच अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोबारा जब सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई तब राजद के सदस्य फिर से सदन के बीचो–बीच आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच अध्यक्ष ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग पर चर्चा शुरू कराई। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के सदस्यों ने पोस्टर–बैनर के साथ सदन के बारह भी प्रदर्शन किया।

———————————————————

राज्य सरकार ने आज कहा कि प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि किसानों को पन्द्रह नवंबर से पन्द्रह दिसंबर के बीच खाद की जरूरत होती है और राज्य में एक लाख उनचास हजार मीट्रिक टन खाद की जरूरत है। जिसमें से सतहत्तर प्रतिशत केन्द्र सरकार ने उपलब्ध करा दिया है।

———————————————————

इधर, संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण आज दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई है। सुबह जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके और अन्य विपक्षी दलों ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों सहित कई मुद्दों पर हंगामा किया। इससे पहले, हाल ही में हुए उपचुनावों में विजयी कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा

और भाजपा के रवींद्र वसंतराव चव्हाण को लोकसभा में सांसद के रूप में शपथ दिलाई गयी। इधर,  राज्यसभा में भी हंगामे के कारण आज कार्यवाही बाधित रही। उच्च सदन में विपक्ष के हंगामे के बीच सभापति ने सदन को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव में एनडीए को राज्य में दो सौ पच्चीस से अधिक सीटों पर जीत मिलेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि हाल के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और उपचुनावों में एनडीए का प्रदर्शन शानदार रहा है, जिससे गठबंधन में और मजबूती आई है।

———————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज पटना के ज्ञान भवन में तीन दिवसीय बिहार राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी, बिपेक्स का उद्घाटन किया। बिपेक्स दो हजार चौबीस प्रदर्शनी में लगभग बीस हजार दुर्लभ डाक टिकटों का प्रदर्शन किया गया है। इसमें विश्व के प्रथम डाक टिकट का भी प्रदर्शन किया गया है। तांबे का यह टिकट बिहार के पटना से अजीमाबाद एकन्नी और दोअन्नी के नाम से सत्रह सौ चौहत्तर में जारी किया गया था। बिहार के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों के एक सौ तिरेपन डाक टिकट संग्रहकर्ता और फिलाटेली के जानकार भाग ले रहे हैं। लोगों के लिए यह ज्ञान, मनोरंजन और टिकटों की रंगारंग दुनिया से परिचित होने का अवसर होगा।

———————————————————————

उत्तर पछुआ हवा के प्रवाह के कारण राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान ठंड में और बढ़ोतरी होगी। इस दौरान सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर समेत राज्य के उत्तरी भागों में अनेक स्थानों पर घने स्तर का कोहरा छाया रहेगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।